Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding condition of schools in Chhatisgarh.

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): माननीय सभापति महोदय, कांकेर जिले के प्रत्येक विकास खंड में पूर्व राष्ट्रपति डॉ० ए.पी.जे. अब्दुल कलाम इगनाईट अंग्रेज़ी माध्यम के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में यदि कांकेर जिले के विभिन्न विकास खंड के दर्ज आंकडे प्रस्तुत करें तो 1685 है। … (व्यवधान)

इसी प्रकार छतीसगढ़ राज्य के प्रत्येक जिलों के विकास खंडों में संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की लगभग दर्ज संख्या 65000 है। लेकिन चार वर्ष पहले खुले अंग्रेजी माध्यम के इन स्कूलों के लिए न विद्यालय भवन है, न ही जगह है, ना शिक्षक और ना ही अधोसंरचना विकास हेतु छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा कोई पहल की जा रही है। वर्तमान में इन अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की कोई सुध लेने वाला नहीं है। … (व्यवधान)

दूसरी ओर छतीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय खोले जाने पर सभी
सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। …(व्यवधान) लेकिन उक्त स्कूलों के प्रति शासन-प्रशासन उन गरीब बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

अत: सदन के माध्यम से अनुरोध करता हूँ कि पूरे राज्य के विकास खंडों मे डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम इगनाईट अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में शिक्षक, भवन एवं शौचालय तथा आवश्यक अद्योसंरचना का विकास किया जाए, जिससे गरीब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्राप्त हो सके।